an>

Title: Need to resolve the contentious issue of rented commercial property in Delhi.

श्री महेश गिरी (पूर्वी दिल्ली) : उपाध्यक्ष जी, मेरे अपने क्षेत्र में गांधी नगर और दिल्ली में कई ऐसे क्षेत्र हैं।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Hon. Member, you should only read the approved text.

श्री महेश गिरी : उपाध्यक्ष महोदय, देश के विभाजन के समय काफी लोग दिल्ली में आ कर बस गए थे। विभाजन के बाद भारत आए शरणार्थियों ने देश के विभिन्न भागों में शरण ले कर अपने जीविकोपार्जन हेतु साधन ढूंढ़ने शुरू किए। उसी दौरान दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर बसे हुए शरणार्थियों ने जीविका हेतु पगड़ी की व्यवस्था के तहत बड़े ही अनोखे ढंग से कमर्शियल प्रापर्टी का लेन-देन किया। इस व्यवस्था के तहत दुकान लेने वालों को मासिक आंशिक मूल्य भी देना होता है जिसे " रेंट " कहा जाता है। दो-तीन पीढ़ी पहले दुकान लेने व देने वालों के वारिसों के लिए यह व्यवस्था काफी उलझ गई और विवाद का विषय बन गई है। दिल्ली के गांधी नगर, चांदनी चौक, कमला मार्केट जैसे कई बड़े बाजारों में व्यवसाय करने वाले लोगों की मानसिक स्थिति इस विवाद से प्रभावित है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करके प्रभावित लोगों को राहत प्रदान की जाए।